अग्रवाल महाविद्यालय में प्रतिमान समूह के सदस्यों की बैठक श्री जगराम जी के नेतृत्व में संपन्न

अग्रवाल महाविद्यालय में 21 मार्च 2021 को प्रतिमान समूह की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अध्यक्ष के रूप में संस्कृति उत्थान न्यास एवं उत्तर भारत के स्वयंसेवक संघ के प्रचारक श्री जगराम जी के कुशल मार्गदर्शन में ये बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि एक अध्यापक के लिए वर्तमान समय में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देना एक आवश्यक विषय होना चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय संस्कृति की झलक मिलती है तथा यह ऐसी शिक्षा नीति है जिसमें भारत की आत्मा का निवास है। आत्मनिर्भर भारत तभी होगा जब हम सभी गतिशील एवं क्रियाशील होंगे। साथ ही उन्होंने बताया एक व्यक्ति को अपनी भाषा एवं भूषा पर गर्व करना चाहिए क्योंकि अपनी भाषा एवं भूषा एक व्यक्ति की पहचान होती है। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों में विभिन्न कौशलों का विकास होगा जिससे हमारे विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे। इस अवसर पर प्रतिमान समूह के विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग इकाइयों की जिम्मेदारियां दी गई। जिसमें स्वास्थ्य इकाई के लिए डॉ नरेश कामरा , डॉ. पूनम आनंद , श्री सुभाष, संस्कार संबंधी इकाई के लिए जया शर्मा, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. संतोष विश्नोई, डॉ रामचंद्र, वहीं बहुमुखी एवम् कौशल युक्त शिक्षा इकाई में डॉ. देवेंद्र , डॉ. आर. पी. शर्मा, स्वावलंबन संबंधी इकाई में डॉ. के. एल. कौशिक , डॉ मनोज शुक्ला, सुरक्षा संबंधी इकाई में डॉ. पूजा सैनी , डॉ. जय पाल सिंह जी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर बांके बिहारी , डॉ अशोक कुमार निराला, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आदि प्रतिमान समूह के सदस्य भी उपस्थित रहे।